# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpureregistrar@gmail.com


पत्रांक : 3368/पू.वि.वि./कु0स0/2025 दिनांक : 03 अक्टूबर, 2025

अति आवश्यक
(अनुस्मारक–18)

## कार्यालय आदेश

सत्र 2025–26 से स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में समस्त प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वप्रथम छात्रों का विवरण रजिस्ट्रेशन के रूप में लिया जा रहा है। तदुपरान्त उनका प्रवेश सम्बन्धित संस्थाओं/महाविद्यालयों द्वारा ग्रान्ट किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा छात्रों का विवरण यथा–नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, ईमेल इत्यादि का विवरण सही/शुद्ध भरने हेतु लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। उक्त के सम्बन्ध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि छात्रों का विवरण तथा एडमीशन ग्रान्ट करते समय विषयों का चयन, मेजर/माइनर, वोकेशनल सही–सही भरें, जिससे छात्रों को भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो।

समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाये जाने सम्बन्धी विभिन्न महाविद्यालयों के अनुरोध पर मा0 कुलपति जी द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश ग्राण्ट करने की तिथि दिनांक–10 अक्टूबर, 2025 तक विस्तारित किया जाता है।

**अतः कृपया समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए शत–प्रतिशत छात्रों का रजिस्ट्रेशन दिनांक–10 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण कराते हुए प्रवेश को समर्थ पोर्टल पर ग्रान्ट करने का कष्ट करें। इस पर सभी प्रबन्धक/प्राचार्य विशेष ध्यान दें कि निर्धारित तिथि तक जो भी अर्ह/वांछित प्रवेशार्थी हैं, उनका प्रवेश ग्रान्ट करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान/महाविद्यालय की होगी। कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।**

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अपने–अपने विभाग के छात्र/छात्राओं का प्रवेश ग्रान्ट करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जैनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अपने–अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का प्रवेश ग्रान्ट करना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
4. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव